# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 12.01.2026 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए किया प्रेरित।**
2. **राज्यपाल संतोष गंगवार लोकभवन में आयोजित रक्तदान महादान कार्यक्रम में हुए शाामिल, युवाओं से रक्तदान को जीवनभर एक जिम्मेवारी के रूप में अपनाने का किया आग्रह।**
3. **रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पूर्व मध्य रेलवे के दो अधिकारियों और छह कर्मियों को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से किया सम्मानित।**
4. **राष्ट्रीय स्तर पर आयुष्मान आरोग्य योजना को डिजिटल तरीके से क्रियान्वित करने के लिए झारखंड को प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड से किया गया सम्मानित।**

   **और**
5. **देवघर से अहमदाबाद के लिए सीधी हवाई सेवा जल्द होगी शुरू, संताल परगना और गोड्डा लोकसभा क्षेत्र को देश के बड़े औद्योगिक केंद्र से मिलेगी सीधी कनेक्टिविटी।**

*********************

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वामी विवेकानंद को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि स्वामी विवेकानंद एक दूरदर्शी और आध्यात्मिक व्यक्ति थे। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारतीयों में राष्ट्रीय गौरव का संचार किया। राष्ट्रपति ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

इधर, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर लोकभवन में आयोजित रक्तदान महादान कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने लोगों से रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने युवाओं से रक्तदान को जीवनभर के लिए एक जिम्मेवारी के रूप में अपनाने को कहा। राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य पाने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण साबित होगी।

वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी आज स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें नमन किया और राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर युवाओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं और उनके विचार आज भी हमारे लिये मार्गदर्शक हैं।

इधर, धनबाद के सिटी सेंटर स्थित स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर बंगाली वेलफेयर सोसाइटी ने माल्यार्पण कर उनकी जयंती मनायी। इस दौरान प्रबुद्ध लोगों ने स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलने के लिए आज की युवा पीढ़ी को प्रेरित किया।

*********************

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पूर्व मध्य रेल के दो अधिकारियों और छह कर्मचारियों को उनकी असाधारण सेवाओं, अदम्य साहस और कर्तव्यनिष्ठा के लिए सम्मानित किया है। नयी दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित समारोह में यात्रियों की सुरक्षा और अपराधों की प्रभावी रोकथाम के लिए पूर्व मध्य रेल को प्रतिष्ठित सुरक्षा शील्ड भी प्रदान किया, जिसे महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह और प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमरेश कुमार ने प्राप्त किया। पुरस्कार पाने वालों में धनबाद मंडल के मंडल ट्रैफिक मैनेजर मो. तौसिफ उल्लाह, सहायक सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर मयंक प्रियदर्शी, लोको पायलट रवि रंजन, सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग में कार्यरत टेक्नीशियन सुभाष कुमार पाठक हैं।

*********************

राष्ट्रीय स्तर पर आयुष्मान आरोग्य योजना को डिजिटल तरीके से क्रियान्वित करने के लिए झारखंड को प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड से सम्मानित किया गया है। नयी दिल्ली में आयोजित इंडिया हैबिटेट सेंटर में 105वें स्कॉच समिट में यह पुरस्कार दिया गया। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के निदेशक सह अपर सचिव विद्यानंद शर्मा पंकज ने पुरस्कार ग्रहण किया।

*********************

जेएलकेएम के अध्यक्ष सह डुमरी विधायक जयराम महतो ने जामताड़ा के पोसोई मोड़ के समीप कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी का मुख्य उद्देश्य लोकहित एवं आमजन की समस्याओं का निस्तारण करना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि नगर निकाय चुनाव में स्वच्छ चरित्र और विकास के प्रति समर्पित प्रत्याशियों का समर्थन करें।

*********************

धनबाद जिले के ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों और युवाओं को डिजिटल साक्षरता प्रदान करने के उद्देश्य से **एकल ऑन व्हील्स कंप्यूटर वैन** को हरी झंडी दिखाकर से रवाना किया गया। यह बस दूर–दराज और ग्रामीण आदिवासी क्षेत्रों में करेगी। इस दौरान एसएसपी प्रभात कुमार ने एकल अभियान के प्रयासों की सरहाना की।

वहीं आईआईटी–आइएसएम के डायरेक्टर प्रो सुकुमार मिश्रा ने बताया कि समाज को शिक्षित बनाने की दिशा में एकल अभियान का यह प्रयास काफ़ी महत्वपूर्ण है। एकल अभियान के राष्ट्रीय अभियान प्रमुख डॉ. ललन शर्मा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र का सर्वांगीण विकास की उन्नति ही एकल अभियान का उद्देश्य है।

*********************

देवघर से अहमदाबाद के लिए सीधी हवाई सेवा जल्द शुरू होगी। यह जानकारी सांसद निशिकांत दुबे ने दी। उन्होंने बताया कि इससे संताल परगना और गोड्डा देवघर लोकसभा क्षेत्र को देश के बड़े औद्योगिक केंद्र से सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। इसका लाभ झारखंड के कई जिलों के साथ बिहार के सीमावर्ती जिलों बांका भागलपुर को भी मिलेगा। इससे छात्रों, कामगारों, व्यापारियों और बाबाधाम आने वाले श्रद्धालुओं को बड़ा लाभ होगा।

**********************

धनबाद जिले में गैंगस्टर प्रिंस खान के वासेपुर और आसपास के इलाकों में सिटी एसपी और ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में एक सौ से अधिक पुलिसकर्मियों ने सुबह 5 बजे एक साथ दबिश दी। पुलिस को सूचना मिली थी कि इलाके में एके–47 और एके–56 जैसे अत्याधुनिक हथियारों की खेप पहुंची है और बाहर से शूटर बुलाए गए हैं। छापेमारी के दौरान कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है और हथियार बरामद होने की भी सूचना है।

**********************

पूरे राज्य में मकर संक्रांति के त्योहार को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ गई है। गौरतलब है कि गया के कारीगर एक माह पहले ही शहर में आकर तिलकुट तैयार करते हैं। जमशेदपुर के दुकानदारों का कहना है कि दो से चार दिनों में स्वादिष्ट तिलकुट की मांग और बढ़ेगी।

**********************

गढ़वा जिला के **गढ़वा–पड़वा** मोड़ पर **बेलचंपा** गांव के समीप एक भीषण सड़क दुर्घटना में चार युवकों की मौत हो गयी। चारों मृतक आपस में रिश्तेदार थे और पलामू जिले के पांडु और विश्रामपुर थाना के रहने वाले थे। सभी सगाई समारोह से रात में वापस लौट रहे थे। मृतकों में पलामू जिले के पांडु थाना क्षेत्र के नरेंद्र कुमार पासवान, जितेंद्र पासवान, बादल पासवान और बिक्की कुमार के रूप में हुई है।

**********************

भारतीय शेयर बाजार में आज सेंसेक्स 600 अंकों की गिरावट के साथ 82 हजार पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी 170 अंकों की गिरावट के साथ 25 हजार 500 पर कारोबार कर रहा है।

इधर रांची में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख उनतीस हजार दो सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत दो लाख सत्तर हजार रूपये प्रति किलो है

*********समाप्त*************